आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 04.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवाईमाधोपुर, करौली और धौलपुर जिलों के भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया–ग्रामीणों से बातचीत में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

- झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबु सोरेन का निधन–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अनेक नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

- प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्मिकों को रक्षाबंधन के उपहार के तौर पर 501 रुपये की राशि दी जाएगी।

- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिवृष्टि से प्रभावित सवाईमाधोपुर, करौली और धौलपुर जिलों का आज हवाई सर्वेक्षण कर जल भराव की स्थिति का जायज़ा लिया। इस दौरान आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने सवाईमाधोपुर के चकेरी, जड़ावता, अजनोटी, मैनपुरा, धनौली और सूरवाल क्षेत्र, करौली जिले के मंडरायल और धौलपुर के मोरोली, बरेलापुरा, भैसना तगावली और बाड़ी इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने भारी बारिश से उत्पन्न स्थितियों को देखते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द प्रभावितों को सहायता पहुंचाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने चकचेनपुरा स्थित हवाई पट्टी पर जन संवाद कर लोगों की समस्याएं सुनीं। श्री शर्मा ने प्रभावितों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

000

रामजल सेतु परियोजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पानी की आवश्यकता को जल्द पूरा करने का प्रयास कर रही है। आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में नुकसान का सर्वे करवाकर उचित मुआवज़ा दिलवाया जाएगा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पक्ष–विपक्ष के अन्य कई नेताओं ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी अस्पताल में उनकी पार्थिव देह के दर्शन किये। श्रीमती मुर्मू ने उनके निधन को सामाजिक न्याय क्षेत्र की बड़ी क्षति बताया है।

प्रधानमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे जमीन से जुड़े नेता थे और जीवनभर आदिवासी समुदायों, गरीबों तथा वंचितों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित प्रदेश के कई नेताओं ने श्री सोरेन के निधन पर गहरा दुख जताया है। शिबू सोरेन का आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे और करीब डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। बिहार के हजारी बाग में जन्मे श्री सोरेन को दिशोम गुरू और गुरूजी के नाम से भी जाना जाता था। वे लगातार कई बार सांसद चुने गये। बिहार से अलग राज्य झारखंड बनाने के आंदोलन में भी उनकी निर्णायक भूमिका रही।

000

प्रदेश में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और जागरुकता के लिए **स्वास्थ्य दल, आपके द्वार** शुरू किया गया है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर सर्वे करेंगी। इस दौरान मच्छर जनित बीमारियों के लिए जनजागरुकता के साथ पीड़ित रोगियों की पहचान का काम भी किया जाएगा। चिकित्सा विभाग की उपनिदेशक डॉ. निर्मला शर्मा ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि सर्वे के दौरान आशा सहयोगिनियां और सीएचओ भाग ले रहे हैं।

000

प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान और प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने के प्रयास किये जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों का जीवन बचाया जा सकेगा। श्री कुमार अंगदान दिवस के उपलक्ष में आज जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम

में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हर साल प्रदेश में करीब दस हजार मौतें सड़क हादसों में होती हैं। इनमें से करीब दस प्रतिशत ब्रेन डेड व्यक्तियों के अंगदान से अनेक रोगियों को नया जीवन मिल सकता है। शिक्षा सचिव ने कहा कि असंतुलित जीवनशैली दुर्घटना और जेनेटिक कारणों से अंग प्रत्यारोपण की जरूरत बढ़ रही है। ऐसे में स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित खान–पान अपनाना जरूरी है। इस अवसर पर अंगदान के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं और अंगदाताओं के परिजनों को सम्मानित किया गया।

000

सिरोही जिले के पिंडवाड़ा में आज एक निर्माणाधीन मकान की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मलबे में दबने से मौके पर ही मृत्यु हो गयी। हादसे में गंभीर रूप से घायल पांच अन्य श्रमिकों को आबूरोड़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिंडवाड़ा के पुलिस उपाधीक्षक भंवर लाल चौधरी ने बताया कि हादसा रोहिड़ा क्षेत्र के भारजा गांव में हुआ, जहां निर्माण कार्य में लगे आठ श्रमिक मलबे में दब गये। हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने मौके पर पहुंचकर तुरंत बचाव कार्य शुरू करवाया।

000

प्रदेश में कल बहनों का सुरक्षा–सम्मान पर्व मनाया जाएगा। महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष में ये आयोजन किया जा रहा है। जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आंगनबाड़ी बहनों को सम्मान स्वरूप राशि प्रदान करेंगे। **मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन** थीम पर होने वाले इस समारोह में प्रदेश की सभी 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी बहनों को राखी के उपहार के तौर पर 501 रुपये उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किये जाएंगे। उपमुख्यमंत्री तथा महिला और बाल विकास मंत्री दिया कुमारी भी इस आयोजन में शिरकत करेंगी।

000

राष्ट्रीय ध्वज के प्रति निष्ठा और गर्व की अभिव्यक्ति के लिए हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। 2 अगस्त से शुरू हुआ ये अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। हर घर तिरंगा के तहत लोग स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। ये अभियान हर भारतीय को तिरंगा घर लाने और देश की आजादी के जश्न में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करता है। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने देशवासियों से राष्ट्र गौरव के इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया है।

000

सावन के पवित्र महीने का आज चौथा और अंतिम सोमवार है। शिव भक्तों के लिए ये महीना विशेष महत्व रखता है। एक रिपोर्ट –

000

राज्य में भारी बारिश का दौर फिलहाल धीमा पड़ा है। हालांकि कई जगह हल्की से मध्यम बरसात जारी है। मौसम विभाग ने राज्य के उत्तरी–पूर्वी भागों में अगले तीन–चार दिन कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात की संभावना जताई है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में अगले पांच–छह दिनों तक कहीं–कहीं हल्की बारिश का अनुमान है। कल अलवर, भरतपुर, धौलपुर, दौसा और करौली जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट बताया गया है। इस बीच, बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 5 सेंटीमीटर पानी भरतपुर के बयाना में बरसा। इसके अलावा दौसा, धौलपुर, प्रतापगढ और बारां जिले में भी कहीं–कहीं 1 से 4 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उदयपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बीते दिनों चला तेज बारिश का दौर अब कमज़ोर पड़ गया है। इसके बावजूद शहर में बड़ी संख्या में पर्यटकों की आवक बनी हुई है।

000